# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर जिला-बालाघाट (म.प्र.) – 481111
## EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL BAIHAR DISTT-BALAGHAT (M.P.)-481111

रसीद क्र / Reciept No..................
दिनांक / Dated..........................

Eklavya Model Residential School Baihar

प्रति / To,

मेसर्स / M/s ........................................
........................................
........................................

विषय :– ..............................................................................................................प्रदाय करने हेतु निविदा ।
Sub: Tender for the supply of ________________________________________.

शर्ते / Conditions

1. राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति. न्यू दिल्ली की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर जिला-बालाघाट (म.प्र.) - 481111 में संलग्न विवरण/सूची के अनुसार विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति एवं कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं व्यक्तिगत या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती हैं । निविदा प्रपत्र कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर जिला-बालाघाट (म.प्र.) – 481111 से कार्यालयीन कार्य दिवस में दिनांक **29.05.2026 से 09.06.2026 पुर्वाह्न 10:00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे** तक निर्धारित शुल्क रूपये 200/–(शुल्क वापसी योग्य नहीं) के भुगतान कर प्रत्येक निविदा प्राप्त किया जा सकता है अथवा विद्यालय के वेब साइट **https://emrsbaihar.org.in/** से डाउनलोड किया जा सकता है। जिन निविदाकारों द्वारा पूर्व में निविदा प्रपत्र शुल्क जमा किया जा चुका है उनसे पुनः किसी प्रकार का निविदा प्रपत्र शुल्क नहीं लिया जाएगा। **पूर्णरूपेण भरी मुहरबंद** निविदाएं **दिनांक 09.06.2026 तक** अपरान्ह 04:00 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए इसके बाद प्राप्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेंगी । निविदा अच्छी तरह पेकिंग किए हुए लिफाफ **(तीन लिफाफा प्रणाली** – (1) जमानत राशि/अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD), (2) तकनीकी निविदा, (3) वित्तीय निविदा**)** में जिसके ऊपर "**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर हेतु निविदा**" स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए। प्राप्त निविदाएँ कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर जिला-बालाघाट (म.प्र.) – 481111 में विद्यालय क्रय सुझाव समिति एवं उपस्थित निविदाकर्ता, यदि कोई हो, के समक्ष दिनांक 10.06.2026 **को प्रातः** 11.30 **बजे** खोली जावेंगी । निविदाकर्ता के उपस्थित रहने हेतु **किसी भी प्रकार का यात्रा अथवा अन्य** व्यय नही दिया जायेगा।

Sealed tender for the supply of the various articles and work shown in the attached statement are invited through personally or registered post/speed post by the undersigned on behalf of National Education Society for Tribal Students, New Delhi. The tender form can be obtained from the office of Eklavya Model Residential School Baihar Distt. Balaghat (M.P) - 481111 in any of the working days **w.e.f. 29.05.2026 to 09.06.2026** from 10.00 a.m up to 04.**00** p.m. on payment of **stipulated fee Rs. 200/- (Non-refundable)** or may be download from the School's website **https://emrsbaihar.org.in/** . No tender form fee shall be charged again from those tenderers who have already deposited the tender form fee earlier. Completely sealed tender must reach to the this office up to 04:00 p.m. of 09.06.2026 The tender envelope received after the due date /time (04.00.pm of 09.06.2026) can't be accepted in any case. . The tender should be sent/deposited under strong sealed cover envelope (**three envelope system (1) "Earnest Money", (2) "Technical Bid", and (3) "Financial Bid")** marked as "TENDER FOR THE SUPPLY TO Eklavya Model Residential School Baihar. The tender will be opened in Office of Principal, Eklavya Model Residential School Baihar Distt. Balaghat (MP) on 20.06.2026 **at 11.30 A.M.** before Purchase Advisory Committee and tenderer if any present. No travel and any other expenses will be given to the tenderer for their presence.

2. निविदा पैराग्राफ 1 से 26 में निर्दिष्ट नियमों और शर्तों के अनुसार प्रस्तुत की जायेगी जब तक कि निविदा में अन्यथा निर्दिष्ट न हो, यह माना जायेगा कि यहां निर्धारित नियमों और शर्तों के लिए सहमति दी गई है ।
The tender will be according to the terms and conditions specified in paragraphs 1 to 26 unless specified otherwise in the tender it shall be presumed that the terms and conditions stipulated hereunder have been agreed to.

3. विद्यालय द्वारा कोई किराया भाड़ा देय नहीं होगा अर्थात दरें विद्यालय पहुंच होना चाहिए, जिसमें राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के नियमानुसार लागू समस्त कर, उत्पाद शुल्क, बिक्री कर, माल ढुलाई शुल्क, वेट या कोई अन्य कर के संबंध में उत्तरदायी, शामिल होना चाहिए । विद्यालय किसी भी कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा । किसी भी स्थिति में भुगतान, स्वीकृत दर या खुदरा मूल्य जो कम हो से ज्यादा नही किया जायेगा।

Eklavya Model Residential School Baihar

The School shall not pay any fare and freight i.e. the rate should be F.O.R. Vidyalaya including excise duty. sale tax. fright charges. VAT or any other taxes or imposition whether liable in respect of the supply. The Vidyalaya shall not be liable to pay any tax. In no case. payment will be made higher than the MRP of any item i.e. the cost of supplied article will be paid on accepted rate or M.R.P. which is least.

4. निविदा में कोई भी काट–छांट या उपरिलेखन नहीं होना चाहिए । यदि किसी अंक में संशोधन करना है तो उसे पूरी तरह काटकर ऊपर लिखना चाहिए एवं इसके सत्यापन हेतु पूरे हस्ताक्षर मय तिथि के करने चाहिए । निविदा सत्यापन हस्ताक्षर के बिना होने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी ।

There should not be any over writing. correction in the Tender form. If any of the figure is to be amended. it should be completely struck off and amended figure should be written above with full signature & date for attestation. In the absence of the attestation signature, the tender will have liable to be rejected.

5. अधोहस्ताक्षरी न्यूनतम निविदा स्वीकृत करने हेतु बाध्य नहीं है । संलग्न विवरण में उल्लेखित सामग्री में से पूर्ण या आंशिक स्वीकृत करने हेतु अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित हैं ।

The undersigned is not bound to accept the lowest tender and reserve the right to accept the tender in whole or in part of the articles mentioned in the attached list.

6. निविदा की स्वीकृति पर एक अनुबंध होगा और निविदादाता निविदा में दी गई शर्तों एवं सामान्य वित्तीय नियमों के पालन हेतु बाध्य होगा ।

On acceptance of the tender it will become a contract and the contractor shall be bound by the terms and conditions of the tender and provision of latest G.F.R. as applicable

7. निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्ट मनी सुरक्षा निधि की राशि का **डिमांड ड्राफ्ट** जो **प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर जिला-बालाघाट (म.प्र.) - 481111** के नाम एवं **बैहर** (स्थान) में देय हो, संलग्न होना चाहिए, जो निविदा निरस्त होने पर वापिस कर दी जायेगी । यह **राशि शर्तों** के परिपालन में असफल होने पर जब्त कर ली जायेगी । यदि निविदा स्वीकृत होती है तो उक्त अर्नेस्ट मनी सुरक्षा निधि के रूप में समायोजित कर रखी जावेगी, जो सामग्री की लागत का 10 **प्रतिशत** की दर से भुगतान योग्य होगी । यदि निविदादाता सुरक्षा निधि भुगतान करने में असमर्थ हो तो उसका कारण उल्लेखित हो और इस हेतु निवेदन स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है । **सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों (Micro & Small Units) को ईएमडी (EMD) से छूट तकनीकी निविदा (Technical Bid) में वैध उद्यम प्रमाणपत्र (Valid Udyam Certificate) उपलब्ध होने के आधार पर प्रदान की जाएगी। विक्रेता/निविदाकार को यह आशय का एक शपथ-पत्र/घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा कि यदि उनकी फर्म को निविदा आवंटित की जाती है, तो वे सुरक्षा निधि (Security Deposit) की राशि प्राचार्य, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.) – 481111 के बैंक खाते में जमा करेंगे। इसके अलावा, फल, सब्जियों और दूध की श्रेणी में फर्म, जीएसटीएन, आईटीआर के पंजीकरण की कोई अनिवार्य आवश्यकता नहीं है।**

Demand draft of Earnest money/Security Deposit amount as fixed payable in favour of Principal Eklavya Model Residential School Baihar Distt. Balaghat (M.P) – 481111 should be enclosed with tender which will be refunded in the event of rejection of tender. The Security Deposit will be forfeited in case of failure to comply the Terms & Conditions by the tenderer. Earnest Money will be adjusted in the Security deposit on acceptance of tender and amount of Security Deposit will be payable @10% of the total cost of article. If the contractor is not able to pay Security Deposit the reasons should be specified and the undersigned reserves the right to accept or reject the request for that. The exemption from the EMD for the Micro & Small Units will be provided based on the availability of Valid Udyam Certificate in the technical bid. The vendor has to submit the undertaking that if his/her firm will be allotted the tender, he/she shall submit the security deposit in the bank account of Principal Eklavya Model Residential School Baihar Distt. Balaghat (M.P) – 481111. Also, In the category of fruits, vegetables & Milk there is no mandatory requirement of registration of firm, GSTN, ITR.

8. यदि अनुबंधकर्ता नियत तिथि तक सामग्री प्रदाय करने में असफल होता है तो अधोहस्ताक्षरी को स्वतंत्रता होगी कि वह सामग्री बाजार से क्रय कर ले और **शेष** अनुबंध कोई भी **व्यक्ति** या फर्म से कर ले और अंतर की **राशि** सुरक्षा निधि/धरोहर **राशि** से काटे और यदि कटौती की **राशि सुरक्षा निधि** से अधिक है तो अनुबंधकर्ता वह **राशि** जमा करने हेतु बाध्य होगा ।

If the contractor fails to supply the articles within the stipulated time, the undersigned shall be at liberty to purchase the articles from the market or get the remaining contract completed by any other person or firm and the excess of

Eklavya Model Residential School Baihar

the tender rate, if any, shall be deducted from the earnest money/security deposit and in case the deductable is in excess with the security deposit, the contractor shall be liable to pay this amount.

9. सामग्री की मात्रा बिना कारण बताए अधोहस्ताक्षरी के निर्णय पर घटाई या बढ़ाई जा सकती है ।

The quantity of articles may be increased or decreased at the discretion of the undersigned without intimating reason.

10. निविदा स्वीकृति के पूर्व नमूना मंगाने या इसका डेमोस्ट्रेषन (प्रस्तुतीकरण) करवाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है और अनुबंधकर्ता नमूना प्रस्तुत करने हेतु या **निशुल्क** डेमोस्ट्रेशन (प्रस्तुतीकरण) हेतु बाध्य होगा । **खाद्य सामग्री की सैंपल प्लास्टिक की बंद डिब्बी में हस्ताक्षर कर निविदादाता निविदा खुलने के पूर्व कार्यालय में जमा करेंगे, जिससे क्रय सलाहकार समिति के द्वारा मेस खाद्य सामग्री की गुणवत्ता तथा निविदा दरों को मिलाकर अंतिम निर्णय लिया जा सके।**

Prior to acceptance of the Tender, the undersigned reserves the rights to call for samples or demonstration and the contractor shall be liable to supply the sample or give the demonstration free of cost. The bidder shall submit samples of the food items in sealed plastic containers duly signed, to the office before the tender opening, so that the Purchase Advisory Committee can take a final decision by evaluating the quality of the mess food items along with the tendered rates.

Eklavya Model Residential School Baihai

11. अनुबंधकर्ता द्वारा दी गई दरें 31.05.2027 तक **प्रभावशील** रहेगीं । ब्रांडेड आयटम के संबंध में यदि **निशुल्क** उपहार योजना पेकिंग में चिन्हित है तो सामग्री के साथ वह भी **निशुल्क** प्रदाय करना होगा और बिल/देयक में अंकित करना होगा ।

The rate quoted by the contractor shall hold goods upto **31st May 2027**. With regard to branded item, if there would be some free gift schemes marked on the packing, the same would be liable to be supplied with the articles on free of cost also and it should be mention in the bill.

12. निविदा स्वीकृति एवं आपूर्ति **आदेश** जारी करने पर प्रदाय की गई सामग्री की जांच अधोहस्ताक्षरी या उनके प्रतिनिधियों द्वारा की जायेगी और यदि प्रदाय की गई सामग्री अनुमोदित नमूना अनुसार या निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं पाई गई तो रिजेक्ट कर दी जाएगी । निविदा कर्ता अपने खर्च से रिजेक्ट की गयी सामाग्री वापस ले जायेगा।

In the event of acceptance of the tender and placing of the order for purchase, the articles ordered for would be subjected to an inspection by the undersigned or his representatives and are liable to be rejected if the article supplied are not according to approved samples or do not confirm to the specifications prescribed.

13. फर्नीचर के मामले में, फर्नीचर में प्रयोग की गई लकड़ी सीजन्ड वुड (सागौन) की होना चाहिए और 10 **प्रतिशत** से ज्यादा दरार न हो । अनुबंधकर्ता को प्रदाय किए गए फर्नीचर में धातु का लेवल चिपकाना होगा जिसमें उसका नाम एवं निर्माण वर्ष लिखा होगा ।

In the case of furniture, the type of wood to be used in furniture should be seasoned teak wood and wood should not exceed more than 10% gap. The contractor shall be required to fix a metal label on the furniture supplied by him giving his name and year of manufacture.

14. सुरक्षा निधि की राशि, आपूर्ति पूर्ण होने की तिथि से छः महीने तक आगे भी विद्यालय समिति में जमा रहेगी जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा । यह राशि क्षतिग्रस्त आपूर्ति के विपक्ष में पूर्ति करने हेतु सुरक्षा के रूप में जमा रहेगी ।

The Security deposit shall be retained by the Vidyalaya for the period of further six months from the date of completion of supplies as a safeguard against any defect appears in the articles supplied within the period, on which no interest will be paid.

15- निविदा के साथ संलग्न होना अनिवार्य है। Essential to enclose with the tender :

1. फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र जिसमे जी.एस.टी./टिन उल्लेख हो । **फल, सब्जी, स्क्रैप सामग्री, दूध एवं हेयर कटिंग श्रेणियाँ मुक्त रहेंगी।** Registration certificate of the firm showing GST/TIN. Categories of Fruits, Vegetables, Scarp Items, Milk & Hair cutting is exempted.

2. जी.एस.टी./टिन के साथ मान्य डीलरशिप/ट्रेडिंग लाइसेन्स की प्रति। । **फल, सब्जी, स्क्रैप सामग्री, दूध एवं हेयर कटिंग श्रेणियाँ मुक्त रहेंगी।** Copy of valid Dealership Certificate/Trading License with Tin and GST number. Categories of Fruits, Vegetables, Scarp Items, Milk & Hair cutting is exempted.

3. अर्नेस्ट मनी का ड्राफ्ट । Demand draft of EMD or Udyam Certificate (Whatecver applicable).

Eklavya Model Residential School Baihar

4. दरें संलग्न सामग्री सूची मे ही भरें और संलग्न करें { लेटर हेड या अन्य कागज पर भरी गई निविदा दरें स्वीकार नहीं की जाएगीद्ध (Rates may be filled up only in the list enclosed with the form. Rates mentioned in letter head or any other paper will not be accepted)

5. यदि अधिकृत विक्रेता हों तो अधिकृत विक्रेता का प्रमाणपत्र । Authorized dealer certificate if authorized.

6. पिछले 02 वित्तीय सत्र (2025-26 & 2024-25) का प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी विक्रय कर, जी.एस.टी., आयकर का अदेय प्रमाण पत्र/रिटर्न की फोटोकापी। । **फल, सब्जी, स्क्रैप सामग्री, दूध एवं हेयर कटिंग श्रेणियाँ मुक्त रहेंगी।** Commercial tax, GST, Income Tax clearance certificate issued by the competent authority for the last 02 financial year (2025-26 & 2024-25). Categories of Fruits, Vegetables, Scarp Items, Milk & Hair cutting is exempted.

7. फर्म/संस्था / मालिक के बैंक खाते का एक निरस्त चेक एवं निरस्त लेटर पैड की एक प्रति। A Cancelled bank cheque of the bank account and a copy of cancelled letter pad in respect of Firm/Institution/Proprietor of the tenderer.

Eklavya Model Residential School Baihar ★

8. निविदादाता द्वारा सौ रूपये के नान जूडिसियल स्टेम्प पेपर पर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित अनुबंध/घोषणा पत्र हस्ताक्षर कर संलग्न करना होगा । घोषणा पत्र का प्रारूप निचे दिया गया है। Below mentioned draft of agreement/declaration signed by tenderer in non judicial stamp paper of Rs.100/-attested by Notary must be enclosed.

9. फर्म/संस्था / मालिक के पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति (जहां लागू हो) । Copy of Firm/Institute/Owner's PAN card and Aadhar Card (where ever applicable)

10. निविदा प्रपत्र यदि विद्यालय वेबसाइट से डाउनलोड किया गया हो तो ऐसी स्थिति में निविदा के साथ निविदा प्रपत्र फीस रू. 200/– का डिमान्ड ड्राफट/**आरटीजीएस/एनईएफटी संल्ग्न करे। जिन निविदाकारों द्वारा पूर्व में निविदा प्रपत्र शुल्क जमा किया जा चुका है, उनसे पुनः किसी प्रकार का निविदा प्रपत्र शुल्क नहीं लिया जाएगा।** Tender fee of Rs.200/- in form of DD/RTGS/NEFT in case tender papers are downloaded from the Vidyalaya's website must be attached alongwith tender. No tender form fee shall be charged again from those tenderers who have already deposited the tender form fee earlier.

11. **निविदादाता निविदा हेतु एक बड़े लिफाफे में अलग–अलग तीन लिफाफे निम्न प्रकार से प्रस्तुत करें तथा लिफाफे के ऊपर अर्नेस्ट मनी, टेक्निकल बिड, फाइनेंशियल बिड लिखना अनिवार्य है –**

**(1) <u>पहला लिफाफा</u> —**

1. **इस लिफाफे में तकनीकी निविदा (*Technical Bid*) निविदा शुल्क की रसीद की प्रति सहित प्रस्तुत की जाएगी।**
2. **निर्धारित निविदा प्रपत्र जिसमें निविदादाता को निविदा एवं संविदा की सामान्य शर्ते क्रमांक *01* से *26* तक स्वीकार हैं, के निर्धारित स्थान पर अपनी फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर अंकित कर प्रस्तुत करें।**
3. **पैन कार्ड की छाया प्रति।**
4. **फर्म के टिन नम्बर/जीएसटी पंजीयन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।**
5. **आयकर विभाग द्वारा जारी वितीय वर्ष *2025–26* (आकलन वर्ष *2024–25*) के आयकर रिटर्न की छाया प्रति।**
6. **यदि निविदादाता अनुमोदित वितरक हैं तो सम्बंधित कम्पनियों द्वारा अनुमोदित वितरक का प्रमाण–पत्र।**
7. **यदि निविदा खायान्न सामग्री से संबंधित है, तो एफएसएसएआई (*FSSAI*) द्वारा जारी वैध लाइसेंस संलग्न करना अनिवार्य होगा।**

For the contract, the bidder shall submit three separate envelopes inside one large envelope as described below. It is mandatory to clearly write "Earnest Money", "Technical Bid", and "Financial Bid" on the envelopes:

**(1) <u>First Envelope</u> —**

1. The Technical Bid shall be submitted in this envelope along with copy of receipt of tender fee.
2. The prescribed tender form, in which the tenderer accepts the General Terms and Conditions of the tender and contract from Clause No. 01 to 26, must be duly signed and stamped with the firm's seal at the designated places and submitted.
3. Self-attested photocopy of PAN Card.
4. Self-attested photocopy of the firm's TIN Number/GST Registration Certificate.
5. Self-attested photocopy of the Income Tax Return for Financial Year 2025–26 (Assessment Year 2024–25) issued by the Income Tax Department.

Eklavya Model Residential School Baihar ★

6. If the tenderer is an authorized distributor, then the authorization certificate issued by the respective companies must be submitted.

7. If the tender pertains to food grain/material supply, it shall be mandatory to attach a valid license issued by FSSAI.

(2) **दूसरा लिफाफा** फाइनेंशियल बिड का होगा, जिसमें निर्धारित प्रपत्र पर दरें अंकित कर प्रस्तुत करना होगा।

(2) **Second Envelope** —It shall contain the Financial Bid, in which rates must be filled in the prescribed format and submitted.

(3) **तीसरा लिफाफा** —इसमें जमानत राशि/अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) जमा करने की रसीद के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी की पावती अथवा बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक संलग्न होना आवश्यक होगा।

(3) **Third Envelope** - It shall contain the receipt of deposit of Earned Money Deposit (EMD) along with the RTGS/NEFT receipt or Bank Draft/Banker's Cheque for the security deposit/Earnest Money Deposit

12. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं धरोहर/ जमानत राशि आरटीजीएस/एनईएफटी/आईएमपीएस के माध्यम से जमा कराने हेतु बैंक विवरण निम्नानुसार है —

| क्रमांक | लाभार्थी का नाम | लाभार्थी शाखा का नाम एवं पूर्ण पता | लाभार्थी बैंक का IFSC कोड | शाखा कोड संख्या | लाभार्थी खाता संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर | स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा - लामता रोड, बैहर (1168) | SBIN0001168 | 1168 | 43757115285 |

16. बिल में जी.एस.टी./टिन एवं बिल नम्बर छपा होना चाहिए। सील या हाथ से लिखा टिन एवं बिल संख्या मान्य नही होगा ।
GST/TIN and bill no. should be printed in the bill. Hand written TIN and Bill no. will not be accepted.

17. अधिकृत व्यक्ति के निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ में दिनांक सहित हस्ताक्षर ।
Signature of Authorized person with date in every page of tender form.

18. निविदा दाता द्वारा आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता की जांच जमा किए गए नमूना से मिलान कर की जाएगी। यदि दोनों में अंतर पाया जाता है तो उसे वापस कर दिया जाएगा और उसमें होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधित आपूर्तिकर्ता से की जाएगी।
The quality of the material supplied by the bidder shall be verified by matching it with the submitted sample. If any discrepancy is found between the two, the material shall be returned, and the expenses incurred in this regard shall be recovered from the concerned supplier.

19. सामान्यतः बिल प्राप्ति के उपरांत कम से कम भुगतान में 15 से 45 दिनों का समय लग सकता है। इसके पूर्व किसी तरह का दबाव मान्य नहीं होगा। विद्यालय में फण्ड उपलब्ध न होने की स्थिति में इससे अधिक समय भी लग सकता है। भुगतान दिये गये अवधि से पहले भी किया जा सकता है, परन्तु इसके लिए विद्यालय में फण्ड की उपलब्धता पर भी निर्भर करता है। निविदा दाताओं को विद्यालय के साथ सामग्री के साथ ही बिल उपलब्ध कराना होगा। विलंब होने की स्थिति में भुगतान में होने वाली देरी की जिम्मेदारी निविदा दाताओं की होगी। आपूर्ति किए गये सामानों का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जायेगा, जिसके लिए बैंक विवरण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।
Generally, after receipt of the bill, payment may take 15 to 45 days at minimum. No pressure of any kind for payment before this period shall be entertained. In case of non-availability of funds in the school, the payment may take a longer time. Payment may also be made before the stipulated period, subject to the availability of funds in the school. The bidders shall be required to submit the bill along with the supplied material to the school. In case of delay in submission, the responsibility for any delay in payment shall rest with the bidders. Payment for the supplied goods shall be made through PFMS, for which bank details must be mandatorily submitted.

20. निविदा दर विषयांकित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बैहर, जिला बालाघाट, एफ.ओ.आर. सहित वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.) तथा स्थानीय कर आदि सम्मिलित होना चाहिए एवं सामग्री निर्धारित संस्था में पहुंचाकर देना होगा। इस हेतु किसी भी प्रकार का परिवहन व्यय का भुगतान नहीं किया जाएगा। विद्यालय द्वारा सब्जी, फल एवं दुग्ध की परिवहन व्यय राशि केवल विशेष परिस्थितियों में तथा अधिकतम 05 किलोमीटर की परिधि के अंतर्गत ही वहन की जाएगी। विद्यालय के

Eklavya Model Residential School Baihar

Eklavya Model Residential School Baihar

सुचारू संचालन हेतु आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह प्रावधान सम्मिलित किया गया है।

The quoted tender rates shall be inclusive of F.O.R. (Free on Road) delivery at Eklavya Model Residential School, Baihar, District Balaghat, along with Goods and Services Tax (GST) and all applicable local taxes. The material shall be delivered at the vidyalaya. No payment towards transportation or freight charges shall be made for this purpose. The school shall bear the transportation charges for vegetables, fruits, and milk only under exceptional circumstances, and that too within a radius of 05 kilometers. This provision has been incorporated to ensure the uninterrupted supply of essential commodities for the smooth functioning of the school throughout the year.

21. किराना सामग्री, बेकरी उत्पाद अथवा अन्य किसी खाद्य सामग्री से संबंधित निविदाओं के लिए निविदादाता के पास खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत सक्षम राज्य/केंद्र शासन की लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा जारी वैध लाइसेंस होना अनिवार्य होगा। उक्त लाइसेंस प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जाएगी। तथापि, ताजे फल एवं सब्जी आपूर्ति करने वाले निविदादाताओं/विक्रेताओं को उक्त शर्त के पालन से मुक्त रखा जाएगा।

The tenderer must possess a valid license issued by the competent licensing authority of the State/Central Government under the provisions of the Food Safety and Standards Act, 2006, in case of tenders related to grocery items, bakery products, or any other edible items. In the absence of such a license, the tender shall be liable to be rejected. However, vendors supplying fresh fruits and vegetables shall be exempted from this clause.

22. आपूर्ति आदेश के अनुसार वस्तुओं की आपूर्ति न करने पर अथवा निविदा की शर्तों का उल्लंघन पर अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह धरोहर राशि को जब्त करते हुए निविदा अनुबंध को निरस्त कर फर्म को काली सूची में अंकित करने हेतु कार्यवाही करें और विद्यालय की गतिविधियां प्रभावित न हों उसके लिए किसी अन्य स्रोत से सामान क्रय किया जाये।

If the goods are not supplied as per the supply order/sample item or if the terms of the tender are violated, the undersigned shall have the authority to forfeit the security deposit, cancel the tender contract, and initiate action to blacklist the firm. To ensure that the school activities are not affected, the required materials shall be procured from an alternative source for the time being.

23. भारत सरकार के आयकर विभाग द्वारा निर्धारित आयकर की कटौती आपूर्ति कर्ता के बिल से नियमानुसार की जायेगी और आयकर विभाग को भेज दी जायेगी।

The income tax deduction as prescribed by the Income Tax Department of the Government of India shall be made from the supplier's bill as per applicable rules and shall be remitted to the Income Tax Department.

24. विद्यालय में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति के उपरान्त आपूर्ति ली जायेगी।

The supplies shall be received only after the attendance of students in the school.

25. स्वीकृत निविदाओं में से जी.एफ.आर. 149 के नियमानुसार यदि कोई सामग्री GeM Portal पर उपलब्ध है तो स्वीकृत टेंडर से क्रय न करके GeM Portal से क्रय प्रक्रिया को वरीयता दी जायेगी जिसमें निविदा दाता को कोई आपत्ति नहीं होगी। GeM Portal से क्रय करने के लिए विद्यालय स्वतंत्र होगा।

As per Rule 149 of GFR 2017, if any material is available on the GeM Portal from among the approved tenders, preference shall be given to procurement through the GeM Portal instead of purchasing through the approved tender process, and the bidder shall have no objection to this. The school shall be completely free to procure the material through the GeM Portal.

26. निविदा उपरोक्त कंडिकाओं के पालन न करने पर निरस्त मानी जाएगी। निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा।

Tender will be treated as cancelled in case of non-acceptance of above mentioned conditions. The tender form shall be non-transferable.

## Important Instructions for Submission of Tender

- The tenderer shall submit **three separate envelopes** inside one large envelope, clearly superscribed as **"Technical Bid", "Financial Bid", and "Earnest Money (EMD)"**.
- The **Technical Bid** envelope must contain the prescribed documents as mentioned in 11 (1)
- The **Financial Bid** envelope shall contain the rates quoted in the prescribed format only.
- The **EMD Envelope** must contain the proof of deposit of Earnest Money along with RTGS/NEFT receipt or Bank Draft/Banker's Cheque.
- The bidder shall submit duly signed samples of the items (grocery/kirana) in sealed plastic containers to the office prior to the opening of the tender, enabling the Committee to assess the quality of the items and take a final decision in consideration of the quoted rates.
- Incomplete bids or bids submitted without the required documents shall be liable for rejection.

## निविदा प्रस्तुत करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

- निविदादाता एक बड़े लिफाफे के अंदर तीन पृथक-पृथक लिफाफे प्रस्तुत करेगा, जिन पर स्पष्ट रूप से "टेक्निकल बिड", "फाइनेंशियल बिड" एवं "अर्नेस्ट मनी (EMD)" अंकित होना अनिवार्य होगा।
- टेक्निकल बिड के लिफाफे में बिंदु 11(1) में उल्लिखित समस्त निर्धारित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- फाइनेंशियल बिड के लिफाफे में केवल निर्धारित प्रारूप में दरें अंकित कर प्रस्तुत की जाएंगी।

Eklavya Model Residential School Baihar

- ईएमडी (EMD) के लिफाफे में जमानत राशि जमा करने का प्रमाण, आरटीजीएस/एनईएफटी की पावती अथवा बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक संलग्न करना आवश्यक होगा।
- निविदादाता द्वारा किराना/ग्रॉसरी सामग्री के विधिवत हस्ताक्षरित नमूने सीलबंद प्लास्टिक कंटेनरों में निविदा खोलने से पूर्व कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे समिति दरों के साथ-साथ सामग्री की गुणवत्ता का मूल्यांकन कर अंतिम निर्णय ले सके।
- अपूर्ण निविदाएँ अथवा आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्रस्तुत निविदाएँ निरस्त किए जाने हेतु उत्तरदायी होंगी।

Eklavya Model Residential School Baihar

Seal & Signature of the Bidder ____________________
(सील एवं हस्ताक्षर – निविदाकर्ता के)

*सामग्री एवं अमानत राशि का विवरण –Details of article and Earnest Money Deposit (EMD)*

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | अमानत राशि (₹)/EMD |
|---|---|---|
| 1 | किराना सामग्री/ Grocery | 70000/- |
| 2 | सब्जी / Vegetable | 15000/- |
| 3 | फल/ Fruits | 5000/- |
| 4 | बेकरी सामग्री एवं एन.सी.सी. स्नैक्स सामग्री/ Bakery item | 3000/- |
| 5 | कम्प्यूटर रख-रखाव सामग्री /Computer Hardware item & Maintenance | 5000/- |
| 6 | विद्युत सामग्री /Electrical Item | 10000/- |
| 7 | दैनिक उपयोग की सामग्री/ Daily Use Items | 10000/- |
| 8 | विद्यार्थी एवं कार्यालय लेखन सामग्री/ Office & Students Stationery | 5000/- |
| 9 | विज्ञान प्रयोगशाला सामग्री/ Lab Item | 5000/- |
| 10 | छात्र-छात्राओं के बाल कटिंग /Hair Cutting | 1000/- |
| 11 | नल फिटिंग सामग्री/ Plumbing | 2000/- |
| 12 | खाली तेल के डिब्बे / अखबार की रद्दी आदि विक्रय/ Sale of Empty Oil Cans / Old Newspapers/scrap etc. | 500/- |
| 13 | दुध(गाय/भैंस)/Milk (Cow/Buffalo) | NIL |

प्राचार्य/Principal

**प्राचार्य**
**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय**
**बैहर, जिला- बालाघाट (म.प्र.)**

Eklavya Model Residential School Baihar

## निविदादाता/आपूर्तिकर्ता द्वारा अनुबंध या घोषणा पत्र
( 100 रूपये के नान जूडिसियल स्टेम्प पेपर पर)

मैं/मेसर्स .................................................................................................................................................निविदा प्रपत्र में उल्लेखित समस्त कंडिकाओं कमॉक 01 से 26 और संलग्न सामग्री सूची में अंकित दरों तथा **राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, न्यू दिल्ली एवं** प्राचार्य, **एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर जिला-बालाघाट (म.प्र.) – 481111** द्वारा दिए गए मापदंड से सहमत हूं । तथा संलग्न नियमों का पालन करते हुए प्राचार्य **एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर जिला-बालाघाट (म.प्र.) – 481111** द्वारा चाही गयी सामग्री समय पर प्रदाय करूगां एवं कार्य संपादन करूगां। मुझे/हमको भली – भॉति विदित है कि किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय हेतु न्याय क्षेत्र बालाघाट स्थित न्यायालय होगा ।

I/M/s.......................................................................................................................... hereby declare to agree with the terms and conditions mentioned in the tender form and attached list of the rates and specifications stipulated by National Education Society for Tribal Students, New Delhi. And I/we will supply the articles/complete the work as required by the Principal, Eklavya Model Residential School Baihar Distt. Balaghat (M.P) - 481111 by complying with all the rules. I/we am/are aware that any of the disputes if any arise; it will be settled under the jurisdiction of Balaghat Court.

दिनांक :............

**निविदादाता के हस्ताक्षर/**Signature of Tenderer
नाम व पता /Name & Address
मोहर /Seal

**गवाहों के हस्ताक्षर/Signature of witnesses**
**नाम और पता / Name & Address**

1. ........................................
   ........................................
   ........................................

2. ........................................
   ........................................

Eklavya Model Residential School Baihar